स. 16/12/2015- रा.भा. (सेवा)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

नई दिल्ली सिटि सेंटर-II, जय सिंह रोड,

नई दिल्ली, दिनांक // अगस्त, 2015

कार्यालय ज्ञापन

विषय: **विभिन्न मंत्रालयों /विभागों में तैनात केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों की हिन्दी में किए जाने वाले कार्य के प्रति सक्रियता से भाग लेना।**

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उपसमिति के दिल्ली स्थित विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि राजभाषा अधिकारी निरीक्षण के दौरान उठाए गए प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम नहीं पाये गए तथा उनके द्वारा भरी गई प्रशावली गलत या अधूरी थी। ऐसा प्रतीत होता है कि राजभाषा कार्मिक आवश्यक रूप से हिन्दी में किए जाने वाले कार्यों के प्रति अपेक्षित रुचि नहीं लेते हैं।

2. इस संबंध में सभी मंत्रालयों /विभागों से अनुरोध किया जाता है कि राजभाषा विभाग द्वारा तैनात अधिकारी/कर्मचारी को उचित निर्देश जारी किए जाएँ कि वे राजभाषा के कार्य में पूरी तरह संलिप्त हो तथा हिन्दी संबन्धित कार्यों में आवश्यक सहयोग प्रदान कर सकें। अगर किसी अधिकारी का कार्य उचित न पाया जाए, उस स्थिति में उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

5/8/15

(ए. के. सिंह)

निदेशक (सेवा)

सेवा में

सूची संलग्न ।